>

Title: Need to take steps for providing drinking water in the country.

**श्री पोन्नम प्रभाकर (करीमनगर):** उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बहुत गंभीर विषय पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मैं समझता हूं कि जितने सदस्य सदन में बैठे हैं, वे इस विषय पर मुझे सपोर्ट करेंगे। मार्च महीना शुरू हो गया है और पूरे देश में पीने के पानी की दिक्कत शुरू हो चुकी है। विशेषकर आंध्रप्रदेश, तेलंगाना में भी पीने के पानी की बहुत तकलीफ हो रही है। भारत सरकार और राज्य सरकार की तरफ से यहां पीने के पानी के लिए जितने प्रोजेक्ट्स के लिए इनवेस्टमेंट करनी है, उतनी इनवेस्टमेंट नहीं की जा रही है, जिस कारण लोगों को बहुत दिक्कत हो रही है। पीने का पानी नार्म्स के आधार पर हर व्यक्ति को 140 लीटर मिलना चाहिए, लेकिन अभी केवल 70 लीटर पानी भी नहीं दे पा रहे हैं और इसमें भी क्वालिटी के पानी की बहुत कमी है। इस कारण बहुत लोग रोगग्रस्त हो रहे हैं। पानी में फ्लोराइड का भी बहुत प्रभाव है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि इस गंभीर विषय पर चर्चा करे और देश के सभी लोगों को स्वच्छ पानी के लिए ज्यादा से ज्यादा पैसा खर्च करके प्रोजेक्ट्स बनाए। यह सरकार की सोशल रिस्पोंसिबिलिटी है।